Bareilly, Thursday,
4 April 2019
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City - ₹ 2/-
Outside Bareilly City - ₹ 3/-
Pages 12

दैनिक जागरण

inext

Page No :06 BOTTOM

मैनेजमेंट फेस्ट में फन के साथ लर्निंग

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (3 April): श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के प्रबंधन विभाग में वेडनसडे को राष्ट्रीय स्तर के मैनेजमेंट फेस्ट 'पैराडाइम 2019' का आयोजन हुआ. कार्यक्रम का चीफ गेस्ट ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति और रिचा मूर्ति ने शुभारंभ किया. कार्यक्रम का आयोजन प्रबंधन विभाग के मैनेजमेंट क्लब ने किया. इस मौके पर ट्रस्ट प्रशासक इंजीनियर सुभाष मेहरा, डीन एकेडिमिक्स डॉ. प्रभाकर गुप्ता, प्रबंधन विभागाध्यक्ष अनुज कुमार, अंकिता टंडन और एसके सुमन भी मौजूद रहे.

फेस्ट में स्टूडेंट्स ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा.

सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए

मैनेजमेंट क्लब की अध्यक्ष प्रतीक्षा सिंह ने मैनेजमेंट फेस्ट पैराडाइम 2019 की मुख्य थीम 'रिबेल्विस अनलीज द पोटेंशियल विदइन' के बारे में बताया. इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए, जिसका मुख्य उद्देश्य उस अदृष्य शक्ति के महत्व को समझना था जो हमें सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा देती है. क्लब में साप्ताहिक रूप से क्विज, रोल प्ले, वाद विवाद, बिजनेस गेम इत्यादि प्रतियोगिताएं विभागीय स्तर पर होती हैं. मैनेजमेंट फेस्ट के मुख्य आकर्षण सिमबॉयसिस, कार्पोरेट रंगोली, बिजनेस प्लान, बेस्ट मैनेजर, ट्रेजर हंट, मैड एड तथा टर्न योर ब्रेन आदि प्रतियोगिताएं रहीं. एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने विजेताओं को पुरस्कार दिए, इसमें उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के के लगभग 317 प्रतिभागियों ने भाग लिया.

यह रहे विजेता

फेस्ट में बेस्ट मैनेजर का खिताब एसआरएमएस के हुमैर अली को मिला. सिमबॉयसिस में महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय को प्रथम पुरस्कार, एमजेपीआरयू को द्वितीय तथा एसआरएमएस को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ. कार्पोरेट रंगोली में प्रथम पुरस्कार एलबीएस, द्वितीय पुरस्कार सूरज भान एवं तृतीय पुरस्कार लोटस इन्स्टीट्यूट को मिला. मैड एड में प्रथम पुरस्कार सिद्धि विनायक को मिला.

फेस्ट में कॉर्पोरेट रंगोली, बिजनेस प्लान, बेस्ट मैनेजर, ट्रेजर हंट, मैड एड तथा टर्न योर ब्रेन आदि प्रतियोगिताएं हुई.